# UGC NET PAPER 3 JUNE 28, 2015 SHIFT 1 HISTORY QUESTION PAPER

**Note :** This paper contains **seventy five (75)** objective type questions of **two (2)** marks each. **All** questions are **compulsory**.

**1.** Fossil evidence of Homo-errectus was discovered at which one of the following places ?

(1) Altamira (2) Choukoutein (3) Fayum lake (4) St. Acheul

**2.** Jhukar culture was discovered at which one of the following sites ?

(1) Anjira (2) Chanhu-Daro (3) Kulli (4) Rana Ghundai

**3.** Match **List - I** with **List - II** and select the correct answer with the help of the codes given below :

| **List - I (Theory of Decline of Harappan Civilization)** | **List - II (Advocate)** |
|---|---|
| (a) Aryan Invasion | (i) H.T. Lambrick |
| (b) Change in the course of river Indus | (ii) M.R. Mughal |
| (c) Gradual desiccation | (iii) Robert L. Raikes and George F. Dales |
| (d) Repeated floods | (iv) R.P. Chanda and Mortimer Wheelar |

**Codes :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (iv) | (i) | (ii) | (iii) |
| (2) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (3) | (iv) | (ii) | (iii) | (i) |
| (4) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |

**4.** The mention of which of the following rivers in the Rigveda indicates the Aryans' connection with Afghanistan ?

(1) Asikni, Parushni (2) Sindhu, Sutudri

(3) Suvastu, Gomati (4) Vipas, Vitasta

**5.** During the Upanishadic period who was the learned lady scholar who could lecture on higher knowledge in the assembly of philosophers ?

(1) Apala (2) Ghosha (3) Gargi (4) Visvavara

**6.** Who among the following issued the mandate that any person welcoming the Buddha would be fined 500 kahapanas ?

(1) Mallas (2) Sakyas

(3) Magadhan King Ajatasatru (4) Vatsa King Udayana

Prepp Your Personal Exams Guide

**निर्देश :** इस प्रश्न-पत्र में **पचहत्तर (75)** बहु-विकल्पीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के **दो (2)** अंक हैं। **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं।

**1.** होमो-इरेक्टस के जीवाश्मीय साक्ष्य निम्न में से किस स्थान से मिले हैं?

(1) अल्तामीरा (2) चाउकुतियान (3) फय्यूम झील (4) सन्त अशूल

**2.** झूकर संस्कृति निम्न में से किस स्थल पर प्राप्त हुई है?

(1) अंजीरा (2) चन्हुदड़ो (3) कुल्ली (4) राना घुण्डई

**3.** **सूची - I** को **सूची - II** से सुमेलित कीजिए और नीचे दिए गए कूट की सहायता से सही उत्तर का चयन कीजिए :

| **सूची - I** (**हड़प्पा सभ्यता के विनाश का सिद्धान्त**) | **सूची - II** (**समर्थक**) |
|---|---|
| (a) आर्य आक्रमण | (i) एच.टी. लैम्ब्रिक |
| (b) सिन्धु नदी के प्रवाह क्रम में परिवर्तन | (ii) एम.आर. मुग़ल |
| (c) क्रमशः शुष्कीकरण | (iii) राबर्ट एल. रेक्स व जार्ज एफ. डेल्स |
| (d) निरन्तर बाढ़ | (iv) आर.पी. चन्दा व मार्टिमर व्हीलर |

**कूट :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (iv) | (i) | (ii) | (iii) |
| (2) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (3) | (iv) | (ii) | (iii) | (i) |
| (4) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |

**4.** ऋग्वेद में निम्न में से किन नदियों का उल्लेख अफगानिस्तान के साथ आर्यों के सम्बन्ध का संकेत करता है?

(1) असिक्नी, परुष्णी (2) सिन्धु, शुतुद्री (3) सुवास्तु, गोमती (4) विपाश्, वितस्ता

**5.** उपनिषदों के समय में वह विद्वान महिला कौन थी जो दार्शनिकों की सभा में उच्च ज्ञान पर संभाषण कर सकती थी?

(1) अपाला (2) घोषा (3) गार्गी (4) विश्ववारा

**6.** निम्न में से किसने यह आदेश निकाला था कि बुद्ध का स्वागत करने वाले को 500 कहापण का दण्ड देना पड़ेगा?

(1) मल्लों ने (2) शाक्यों ने

(3) मगध नरेश अजातशत्रु ने (4) वत्स नरेश उदयन ने

7. The numerous caves on the Udayagiri Khandagiri hills of Odisha testify to the :
   (1) Continued existence of the Jain faith in Odisha.
   (2) Popularity of Buddhism in Odisha.
   (3) Existence of both Buddhism and Jainism in Odisha.
   (4) Asoka made special contribution to the ancient art of Odisha

8. In the course of Ajatasatru's war against Chetak, the ruler of Vaisali, Ajatasatru's minister Vassakara had met Buddha at which of the following places ?
   (1) Rajagriha (2) Sarnath (3) Sravasti (4) Vaisali

9. Match **List - I** with **List - II** and select the correct answer with the help of the codes given below :

| **List - I (Greek and Latin Authors)** | **List - II (Books)** |
|---|---|
| (a) Arrian | (i) Historica |
| (b) Herodotus | (ii) Indica |
| (c) Pliny | (iii) Naturalis Historia |
| (d) Strabo | (iv) Geographica |

**Codes :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (iii) | (ii) | (iv) |
| (2) | (ii) | (iv) | (iii) | (i) |
| (3) | (ii) | (i) | (iii) | (iv) |
| (4) | (iv) | (i) | (ii) | (iii) |

10. Which of the following Asokan inscriptions indicates that he did not abolish the capital punishment ?
    (1) Pillar Edict IV (2) Minor Rock Edict I
    (3) Rock Edict XIII (4) Separate Kaling Edict

11. Which of the following is a rock-cut sculpture of the Mauryan period ?
    (1) Dhauli Elephant (2) Parkham Yaksha
    (3) Rampurwa Bull (4) The lion from Sanchi

Prepp
Your Personal Exams Guide

7. ओडीशा की उदयगिरि खण्डगिरि की पहाड़ियों की विभिन्न गुफाएँ प्रमाणित करती हैं कि :

(1) ओडीशा में दीर्घ काल तक जैन धर्म का अस्तित्त्व था।

(2) ओडीशा में बौद्ध धर्म लोकप्रिय था।

(3) ओडीशा में बौद्ध और जैन दोनों धर्मों का अस्तित्त्व था।

(4) ओडीशा की प्राचीन कला में अशोक का विशेष योगदान था।

8. वैशाली के शासक चेतक के विरुद्ध अजातशत्रु के युद्ध के क्रम में अजातशत्रु के मंत्री वस्सकार ने बुद्ध से निम्न में से कहाँ भेंट की थी ?

(1) राजगृह (2) सारनाथ (3) श्रावस्ती (4) वैशाली

9. **सूची - I** को **सूची - II** से सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट की सहायता से सही उत्तर का चयन कीजिए :

| **सूची - I** ( **यूनानी और लैटिन लेखक** ) | | **सूची - II** ( **पुस्तकें** ) | |
|---|---|---|---|
| (a) | एरियन | (i) | हिस्टोरिका |
| (b) | हेरोडोटस | (ii) | इण्डिका |
| (c) | प्लिनी | (iii) | नेचुरलिस हिस्टोरिया |
| (d) | स्ट्रैबो | (iv) | ज्योग्राफिका |

**कूट :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (iii) | (ii) | (iv) |
| (2) | (ii) | (iv) | (iii) | (i) |
| (3) | (ii) | (i) | (iii) | (iv) |
| (4) | (iv) | (i) | (ii) | (iii) |

10. निम्न में से अशोक के किस अभिलेख से यह संकेत मिलता है कि उसने मृत्यु-दण्ड समाप्त नहीं किया था ?

(1) चतुर्थ स्तम्भ लेख (2) प्रथम लघु शिलालेख

(3) त्रयोदश शिलालेख (4) पृथक कलिंग अभिलेख

11. निम्न में से कौन एक मौर्यकालीन शैलकृत मूर्ति है ?

(1) धौली गज (2) परखम यक्ष (3) रामपुरवा वृषभ (4) साँची से प्राप्त सिंह

Prepp Your Personal Exam Guide

Prepp
Your Personal Exams Guide

**12.** Match **List - I** with **List - II** and select the correct answer with the help of the codes given below :

| List - I (Official) | | List - II (Department) | |
|---|---|---|---|
| (a) | Kupyadhyaksha | (i) | Superintendent of weights and measures |
| (b) | Sannidhata | (ii) | Superintendent of trade and commerce |
| (c) | Panyadhyaksha | (iii) | Superintendent of forest resources |
| (d) | Pautavadhyaksha | (iv) | Superintendent of Treasury |

**Codes :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (iv) | (ii) | (iii) | (i) |
| (2) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |
| (3) | (ii) | (iii) | (i) | (iv) |
| (4) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |

**13.** Which of the following Tamil anthologies is devoted to the praise of Chera kings ?
(1) Aingurunuru (2) Kuruntogai (3) Padirruppattu (4) Narrinai

**14.** Arrange the following Buddhist stupas in the chronological order and select the correct answer with the help of the codes given below :
(a) Amravati
(b) Sarnath
(c) Sanchi
(d) Nalanda

**Codes :**
(1) (c), (a), (b), (d) (2) (b), (d), (c), (a)
(3) (a), (b), (d), (c) (4) (c), (b), (d), (a)

**15.** Satavahana coins with the representation of a ship with double-mast have been found from which of the following areas ?
(1) Coromandal coast (2) Krishna-Godavari region
(3) Nanaghat and Junnar region (4) South-West Maharashtra

**16.** The gift of Jetavana Mahavihara has been represented on a pillar at an early Buddhist centre of the south :
(1) Amravati (2) Nagarjunikonda
(3) Sannati (4) Satanikota

**17.** Which one of the following facts about Samudragupta is **not** corroborated by his Allahabad Pillar Inscription ?
(1) He was nominated by his father for rulership
(2) He was a poet
(3) His mother was Kumaradevi
(4) He performed Asvamedha sacrifice

Prepp Your Personal Exams Guide

Prepp
Your Personal Exams Guide

**12.** **सूची - I** को **सूची - II** से सुमेलित कीजिए और नीचे दिए गए कूट की सहायता से सही उत्तर का चयन कीजिए :

| **सूची - I** ( **अधिकारी** ) | | **सूची - II** ( **विभाग** ) | |
|---|---|---|---|
| (a) | कुप्याध्यक्ष | (i) | माप-तौल विभाग का अध्यक्ष। |
| (b) | सन्निधाता | (ii) | व्यापार एवं वाणिज्य विभाग का अध्यक्ष। |
| (c) | पण्याध्यक्ष | (iii) | वन-सम्पदा का अध्यक्ष। |
| (d) | पौतवाध्यक्ष | (iv) | कोषागार का अध्यक्ष। |

**कूट :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (iv) | (ii) | (iii) | (i) |
| (2) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |
| (3) | (ii) | (iii) | (i) | (iv) |
| (4) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |

**13.** निम्न में से कौन-सा तमिल काव्य-संग्रह चेर शासकों की प्रशंसा करता है ?

(1) ऐंगुरुनूरु (2) कुरुन्दोहै (3) पदिर्रुपट्टु (4) नर्रिनै

**14.** निम्नलिखित बौद्ध स्तूपों को कालानुक्रम में व्यवस्थित कीजिए एवं नीचे दिए गए कूट की सहायता से सही उत्तर का चयन कीजिए :

(a) अमरावती
(b) सारनाथ
(c) साँची
(d) नालन्दा

**कूट :**

(1) (c), (a), (b), (d) (2) (b), (d), (c), (a)
(3) (a), (b), (d), (c) (4) (c), (b), (d), (a)

**15.** दुहरे मस्तूल वाले पोत के चित्रण से युक्त सातवाहन सिक्के निम्न में से किस क्षेत्र में मिले हैं ?

(1) कोरोमण्डल तट (2) कृष्णा-गोदावरी क्षेत्र
(3) नाणेघाट व जुन्नर क्षेत्र (4) दक्षिण-पश्चिम महाराष्ट्र

**16.** दक्षिण के एक प्रारम्भिक बौद्ध केन्द्र के स्तम्भ पर जेतवन महाविहार के दान का अंकन है :

(1) अमरावती (2) नागार्जुनीकोण्ड (3) सन्नति (4) सतनिकोट

**17.** समुद्रगुप्त के विषय में निम्न तथ्यों में से किस एक की पुष्टि उसके इलाहाबाद स्तम्भ अभिलेख से **नहीं** होती ?

(1) शासकत्व के लिए उसके पिता ने उसको नामांकित किया था।
(2) वह कवि था।
(3) उसकी माता कुमारदेवी थी।
(4) उसने अश्वमेध यज्ञ का सम्पादन किया था।

Prepp Your Personal Exam Guide

18. Given below are two statements, one labelled as **Assertion (A)** and the other labelled as **Reason (R)** :

**Assertion (A) :** The Sakas were completely defeated and their kingdom annexed in the Gupta empire during the reign of Chandragupta II.

**Reason (R) :** It gave the Guptas access to Indian trade with the Mediterranean.

In the context of the above two statements which of the following is correct ?

(1) Both **(A)** and **(R)** are true and **(R)** is the correct explanation of **(A)**.
(2) Both **(A)** and **(R)** are true, but **(R)** is not the correct explanation of **(A)**.
(3) **(A)** is true but **(R)** is false.
(4) **(A)** is false but **(R)** is true.

19. Which of the following works does **not** refer to the story of Ramagupta ?

(1) Harshacharita
(2) Mudrarakshasa
(3) Natyadarpana
(4) Majmat ul Tawarikh

20. The Huna king Mihirakula was defeated by whom amongst the following :

(1) Buddhagupta
(2) Isanavarman
(3) Rajyavardhana
(4) Yasovardhana

21. Which of the following pairs is **not** correctly matched ?

| | King | Title |
|---|---|---|
| (1) | Kumaragupta I | Mahendraditya |
| (2) | Skandagupta | Sakraditya |
| (3) | Sindhuraja | Navasahasanka |
| (4) | Vallalasena | Nihasanka - Sankara |

22. Given below are two statements, one labelled as **Assertion (A)** and the other labelled as **Reason (R)** :

**Assertion (A) :** The rock-cut rathas at Mahabalipuram have been named as Dharmaraja, Bhima, Arjuna, Draupadi, Nakula and Sahadeva.

**Reason (R) :** The total number of rathas in this group is eight.

In the context of the above two statements which of the following is correct ?

(1) Both **(A)** and **(R)** are true and **(R)** is the correct explanation of **(A)**.
(2) Both **(A)** and **(R)** are true, but **(R)** is not the correct explanation of **(A)**.
(3) **(A)** is true, but **(R)** is false.
(4) **(A)** is false, but **(R)** is true.

23. Which of the following gift ceremonies was performed by the Rashtrakuta king Dantidurga at Ujjaini ?

(1) Hiranyagarha
(2) Ratnadhenu
(3) Saptasagar
(4) Tulapurusha

18. नीचे दो वक्तव्य दिए गए हैं। एक को **कथन** (A) और दूसरे को **कारण** (R) कहा गया है।

**कथन** (A) : चन्द्रगुप्त II के शासनकाल में शक पूर्णत: पराजित हो गए और उनका राज्य गुप्त साम्राज्य में विलीन हो गया।

**कारण** (R) : इससे गुप्तों को भूमध्यसागर के भारतीय व्यापार में प्रवेश मिल गया।

उपर्युक्त दोनों वक्तव्यों के सन्दर्भ में निम्नलिखित में से कौन सही है?

(1) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं तथा **(A)** की सही व्याख्या **(R)** है।

(2) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं, किन्तु **(A)** की सही व्याख्या **(R)** नहीं है।

(3) **(A)** सही है, किन्तु **(R)** गलत है।

(4) **(A)** गलत है, किन्तु **(R)** सही है।

19. निम्न में से किस ग्रन्थ में रामगुप्त की कथा का उल्लेख **नहीं** है?

(1) हर्षचरित (2) मुद्राराक्षस (3) नाट्यदर्पण (4) मजमत-उल-तवारीख

20. हूण नरेश मिहिरकुल निम्न में से किसके द्वारा पराजित हुआ था?

(1) बुद्धगुप्त (2) इशानवर्मन (3) राज्यवर्धन (4) यशोवर्धन

21. निम्न युग्मों में से कौन सही सुमेलित **नहीं** है?

| | **शासक** | **विरुद** |
|---|---|---|
| (1) | कुमारगुप्त I | महेन्द्रदित्य |
| (2) | स्कन्दगुप्त | सक्रादित्य |
| (3) | सिन्धुराज | नवसाहसांक |
| (4) | वल्लालसेन | निहशंक-शंकर |

22. नीचे दो वक्तव्य दिए गए हैं। एक को **कथन** (A) और दूसरे को **कारण** (R) कहा गया है।

**कथन** (A) : महाबलिपुरम के शैलोत्कीर्ण रथों का नामकरण धर्मराज, भीम, अर्जुन, द्रौपदी, नकुल तथा सहदेव के रूप में किया गया है।

**कारण** (R) : इस समूह में रथों की कुल संख्या आठ है।

उपर्युक्त दोनों वक्तव्यों के सन्दर्भ में निम्नलिखित में से कौन सही हैं?

(1) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं तथा **(A)** की सही व्याख्या **(R)** है।

(2) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं, किन्तु **(A)** की सही व्याख्या **(R)** नहीं है।

(3) **(A)** सही है, किन्तु **(R)** गलत है।

(4) **(A)** गलत है, किन्तु **(R)** सही है।

23. राष्ट्रकूट नरेश दन्तिदुर्ग द्वारा उज्जयिनी में निम्न में से कौन-सा दान-समारोह सम्पादित किया गया था?

(1) हिरण्यगर्भ (2) रत्नधेनु (3) सप्तसागर (4) तुलापुरुष

**24.** Who among the following rulers of Kashmir has been described in the Rajatarangini as a Turushka and an iconoclast ?

(1) Avantivarman (2) Didda (3) Lalitaditya (4) Harsha

**25.** Where was a Buddhist vihar built in India by the Sailendra king Balaputradeva ?

(1) Nagarjunikonda (2) Nagipatanam

(3) Nalanda (4) Vikramasila

**26.** Which of the following is not correct ?

(1) In Kashmir the *damaras* were the most disturbing factor in political life

(2) Albiruni says that only the Sudras could not learn the Vedas

(3) According to Ibn-i-Asir, Muslims lived in Banaras since the days of Mahmud bin Subuktagin

(4) Ata Malik Juwayni is an important source on the objectives of the Indian campaigns of Muizzuddin

**27.** The following are correct except :

(1) Fakhri-Muddabir dedicated his book on the art of warfare to Iltutmish

(2) Isami does not agree with Minhaj us Siraj that people from different parts of the world made a bee-line to the newly founded city of Delhi

(3) Minhaj says that Raziya "was endowed with all the admirable attributes and qualifications necessary for kings"

(4) Raziya's assertive role in appointing non-Turks to important posts was resented by the 'Turkish nobles leading to their plans to overthrow her

**28.** Ma'dan-i Shifa-i Sikandar Shahi is a work on :

(1) Unani medicine (2) Ayurveda

(3) Surgery (4) Medicinal plants

**29.** Who is the author of the following quote ?

"We Indians are able to speak foreign languages; but the Chinese, Mongols, Turks and Arabs are unable to speak "Our Hindi tongue" ........ Indians do not go to other countries to seek knowledge ; others have to come here ........ India has given the world the numerals, the *Panchatantra* tales and chess ........."

(1) Abul Fazl (2) Amir Khusrau (3) Jahangir (4) Dara Shikoh

**30.** The Sun temple built at Gaya during the Sultanate period has an inscription containing the name of a Sultan twice.

Who is this Sultans ?

(1) Alauddin Khilji (2) Qutbuddin Mubarak Khilji

(3) Muhammad Tughlaq (4) Firuz Tughlaq

24. कश्मीर के निम्न शासकों में से किसे राजतरंगिणी में तुरुष्क और मूर्तिभञ्जक बताया गया है ?

(1) अवन्तिवर्मन् (2) दिद्दा (3) ललितादित्य (4) हर्ष

25. शैलेन्द्र नरेश बालपुत्रदेव द्वारा भारत में एक बौद्ध विहार कहाँ बनवाया गया था ?

(1) नागार्जुनीकोण्ड (2) नागिपटनम् (3) नालन्दा (4) विक्रमशिला

26. निम्न में से कौन-सा सही नहीं है ?

(1) कश्मीर के राजनीतिक जीवन में *डामार* (*Damaras*) सबसे ज्यादा परेशानी का कारक थे।

(2) अलबरुनी कहता है कि केवल शूद्र ही वेदों का अध्ययन नहीं कर सकते थे।

(3) इब्न-ए-असीर के अनुसार महमूद बिन सुबुक्तगीन के समय से ही मुसलमान बनारस में रहते थे।

(4) मुईज़्ज़ुद्दीन के भारतीय आक्रमणों के उद्देश्यों की जानकारी के लिए अता मलिक जुवैनी एक महत्त्वपूर्ण स्रोत है।

27. निम्न में से कौन-सा सही नहीं है ?

(1) फ़ख़रे मुद्दबिर ने युद्धकला पर अपनी पुस्तक को इल्तुतमिश को समर्पित किया।

(2) इसामी मिनहाज-उस-सिराज के इस कथन से सहमत नहीं है कि विश्व के विभिन्न स्थानों के लोगों ने नव-स्थापित शहर दिल्ली की ओर एक कतार सी लगा ली।

(3) मिनहाज कहता है कि "रजिया में शासक बनने के सभी प्रशंसनीय गुण एवं आवश्यक योग्यताएं थी।"

(4) रज़िया द्वारा गैर-तुर्कों को महत्त्वपूर्ण पदों पर नियुक्ति ने तुर्की अमीरों को नाराज कर दिया, जिसकी वजह से उन्होंने रज़िया को अपदस्थ करने की योजना बनाई।

28. मदन-ए शिफा-ए सिकन्दर शाही किससे सम्बन्धित है ?

(1) युनानी औषधि (2) आयुर्वेद (3) शल्य चिकित्सा (4) औषधीय पौधें

29. निम्नलिखित उद्धरण किसका है ?

"हम भारतीय विदेशी भाषाओं को बोलने में सक्षम है किन्तु चीनी, मंगोल, तुर्क तथा अरब "हमारी हिन्दी जुबान" बोलने में असमर्थ हैं ..... भारतीय दूसरे देशों में ज्ञान-प्राप्ति के लिए नहीं जाते, दूसरों को यहाँ आना पड़ता है ..... भारत ने दुनिया को गिनती, *पंचतंत्र* की कहानियाँ तथा शतरंज दिया है.....।"

(1) अबुल फजल (2) अमीर खुसरो (3) जहाँगीर (4) दारा शिकोह

30. सल्तनत काल में गया में बनाए गए सूर्य मन्दिर के एक शिलालेख में एक सुल्तान का नाम दो बार आया है। यह सुल्तान कौन था ?

(1) अलाऊद्दीन खिलजी (2) कुतुबुद्दीन मुबारक खिलजी

(3) मुहम्मद तुग़लक (4) फिरोज़ तुग़लक

Prepp
Your Personal Exams Guide

**31.** Who wrote the following glowing Ode to Hindustan ?

"Great is the prosperity of Hindustan
Heaven itself is the Jealous of this garden
Its territories are an ornament to the face of the Earth
As a beauty spot on the face of a lovely maiden"

(1) Isami
(2) Hasan Nizami
(3) Amir Khusrau
(4) None of the above

**32.** Who among the following speaks of young girls being trained by Indian courtesans in Persian (Parsi) and Indian (Hindi) music for the Delhi court in the late thirteenth century ?

(1) Amir Khusrau
(2) Minhaj-us Siraj
(3) Zia-ud din Barani
(4) Shams-i Siraj Afif

**33.** Among the following who is the first to clarify that there is no basis for identifying the Hindus wholesale with the muqaddams and khuts :

(1) Elliot and Dowson
(2) Mohammad Habib
(3) W.H. Moreland
(4) Ishwari Prassad

**34.** Given below are two statements, one is labelled as **Assertion (A)** and the other is labelled as **Reason (R)** :

**Assertion (A) :** The political history of Vijaynagar Empire was characterised by frequent dynastic changes and internal warfare.

**Reason (R) :** The Bahmani Sultanate and its successor states posed a serious threat to the Vijaynagar Empire.

Read the above statements and select the correct answer from the codes given below :

(1) Both **(A)** and **(R)** are true and **(R)** is the correct explanation of **(A)**
(2) Both **(A)** and **(R)** are true, but **(R)** is not the correct explanation of **(A)**
(3) **(A)** is true, but **(R)** is false
(4) **(A)** is false, but **(R)** is true

**35.** The signal feature of the popular monotheistic movements of the fifteenth-sixteenth centuries was that :

(1) It was a movement of the subalterns, its leaders came from the middle class and addressed the common people in their own language
(2) It was a movement of common people, exploited by the elite for their own interests
(3) It was a movement of subalterns, its leaders were also subalterns and they addressed in the language of the people
(4) It was a movement Preaching the oneness of God by extensively quoting from the scriptures

Prepp
Your Personal Exams Guide

**31.** हिन्दुस्तान के लिए मनोरम उदात्त भावनाओं की एक कविता किसने लिखी :

''हिन्दुस्तान की समृद्धि शानदार है,
स्वर्ग स्वयं भी इस बाग से ईर्ष्या रखता है।
इसका भू-भाग पृथ्वी का उसी प्रकार से
प्रमुख गहना है ;
जैसे कि एक आकर्षक युवती के मुख पर
सौन्दर्य-चिन्ह होता है।''

(1) इसामी (2) हसन निजामी (3) अमीर खुसरो (4) इनमें से कोई नहीं

**32.** निम्नलिखित में से कौन यह बताता है कि तेरहवी सदी के उत्तरार्ध में युवतियों को गणिकाओं द्वारा दरबार के लिए फारसी (पारसी) तथा भारतीय (हिंदी) संगीत का प्रशिक्षण दिया जाता था?

(1) अमीर खुसरो
(2) मिनहाज-उस सिराज
(3) जियाउद्दीन बर्नी
(4) शम्स-ए शिराज़ अफीफ

**33.** निम्न में से सबसे पहले किसने यह स्पष्टीकरण किया कि इसका कोई आधार नहीं है कि समस्त मुकद्दम और खोत हिन्दू थे :

(1) इलियट और डाउसन
(2) मोहम्मद हबीब
(3) डब्ल्यू.एच. मोरलैण्ड
(4) ईश्वरी प्रसाद

**34.** नीचे दो कथन दिए गए हैं, एक क **अभिकथन (A)** और दूसरे को **तर्क (R)** कहा गया है :

**अभिकथन (A) :** विजयनगर साम्राज्य का राजनैतिक इतिहास विभिन्न राजवंशों के बदलाव एवं आन्तरिक युद्धों का इतिहास है।

**तर्क (R) :** बहमनी सल्तनत एवं उसके उत्तराधिकारी राज्य विजयनगर साम्राज्य के लिए गम्भीर ख़तरा बने रहे।

उपरोक्त कथनों को पढ़िए और नीचे दिए गए कूट में से सही उत्तर का चयन कीजिए।

(1) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं और **(R)**, **(A)** की सही व्याख्या है।
(2) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं, किन्तु **(R)**, **(A)** की सही व्याख्या नहीं है।
(3) **(A)** सही है, लेकिन **(R)** गलत है।
(4) **(A)** गलत है, लेकिन **(R)** सही है।

**35.** पन्द्रवहीं-सोलहवीं शताब्दी के लोकप्रिय एकेश्वरवादी आन्दोलन की लोकप्रिय विशेषता थी :

(1) यह अधीनस्थ वर्ग का आन्दोलन था, इसके नेता मध्यम वर्ग से आए थे और जन-सामान्य को उनकी भाषा में संबोधित किया।
(2) यह अभिजात्य-वर्ग द्वारा उनके लाभ के लिए शोषित हो रहे, सामान्य जन का आन्दोलन था।
(3) यह अधीनस्थ वर्ग का आन्दोलन था, इसके नेता भी अधीनस्थ वर्ग से थे, तथा उन्होंने लोगों को जन भाषा में सम्बोधित किया।
(4) यह एक ऐसा आन्दोलन था, जिसमें धर्मग्रंथों से उद्धरण दे कर ऐकेश्वरवाद की शिक्षा दी जाती है।

36. Match **List - I** with **List - II**, and choose correct answer from the codes given below :

| List - I | List - II |
|---|---|
| (a) Qila Rai Pithora | (i) It was here that Sultan Jalaluddin Khalji built his new city, Shahr-i Nau |
| (b) Kilokhari | (ii) Nucleus of Iltutmish's Delhi which is 14$^{th}$ century came to be called Dihl-i Kuhna (old Delhi) |
| (c) Hauz-i Khas and Tughluqabad | (iii) Alauddin Khalji and Ghiyasuddin Tughluq respectively |
| (d) Adilabad and Jahanpanah | (iv) Muhammad Tughluq |

**Codes :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (2) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |
| (3) | (ii) | (i) | (iii) | (iv) |
| (4) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |

37. During whose reign, Allasāni Peddana, the court poet composed *'Manu-Charita'*, a rich description of romance and passion, with free use of Arabic and Persian words :

(1) Sadaseva Raya
(2) Krishnadevaraya
(3) Rama Raja
(4) None of the above

38. Which of the following is **not** correct ?

(1) Ibrahim Adil Shah II had the title of "*abla baba*" (Friend of the Poor); and he also came to be called "*Jagat Guru*" for his broader outlook
(2) Muhammad Quli Qutub Shah wrote in Dakhni Urdu, Persian and Telugu and left an extensive *diwan*
(3) Ali Adil Shah invited Catholic Missionaries to his court even before Akbar had done so
(4) Ibrahim Qutub Shah wrote a book '*Kitab-i Nauras* in which songs were set to various *ragas*

39. Who among the following collected the information about the disabled people and paid them maintenance allowance ?

(1) Sher Shah
(2) Akbar
(3) Jahangir
(4) Shah Jahan

40. Emperor Akbar adopted many Indian socio-cultural customs. One of them was to shave head after the death of a member of Mughal royal family. Who was the lady after her death Akbar shaved his head and moustaches in 1604 A.D. ?

(1) Gulbadan Begum
(2) Salima Begum
(3) Hamida Bano Begum
(4) Maham Anga

Prepp
Your Personal Exams Guide

**36.** **सूची - I** को **सूची - II** से सुमेलित कीजिए एवं नीचे दिए गए कूट में से सही उत्तर का चयन कीजिए :

| **सूची - I** | | **सूची - II** | |
|---|---|---|---|
| (a) | किला राय पिथौरा | (i) | यहाँ सुल्तान जलालुद्दीन खलजी ने नया शहर, शहर-ए-नो बनवाया। |
| (b) | किलोकड़ी | (ii) | इल्तुतमिश की दिल्ली का केन्द्र, जो 14 वीं शताब्दी में दिल्ल-ए-कुहना (पुरानी दिल्ली) के नाम से जानी जाने लगी। |
| (c) | हौज-ए खास और तुगलकाबाद | (iii) | अलाउद्दीन खलजी और गयासुद्दीन तुगलक क्रमश: |
| (d) | आदिलाबाद और जहांपनाह | (iv) | मुहम्मद तुगलक |

**कूट :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (2) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |
| (3) | (ii) | (i) | (iii) | (iv) |
| (4) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |

**37.** किसके राज्यकाल में दरबारी कवि अलासानी पेद्दना ने '*मनु चरित*' की रचना की जिसमें रोमांस और उमंगों का रोचक वर्णन है, एवं इसमें मुक्तभाव से अरबी और फारसी शब्दों का इस्तेमाल किया गया है ?

(1) सदाशिव राय (2) कृष्ण देव राय (3) राम राजा (4) इनमें से कोई नहीं

**38.** निम्नलिखित में से कौन सही **नहीं** है ?

(1) इब्राहिम आदिल शाह II को "*अबला बाबा*" (ग़रीबों का दोस्त) के नाम से जाना जाता था; और उन्हें उनके उदार-दृष्टिकोण के कारण "*जगद् गुरु*" के नाम से भी पुकारा जाता था।

(2) मुहम्मद क़ुली कुतुब शाह ने दक्खिनी उर्दू, फारसी तथा तेलुगु में रचनाएं की और अपने पीछे एक विशाल *दीवान* छोड़ गए।

(3) अली आदिल शाह ने कैथोलिक मिशनरियों को अपने दरबार में अकबर से भी पहले आमंत्रित किया था।

(4) इब्राहिम क़ुतुब शाह ने "*क़िताबे नौरस*" नामक पुस्तक की रचना की जिसमें उन्होंने गीतों को विभिन्न *रागों* को आधार बनाकर तैयार किया था।

**39.** निम्नलिखित में से किसने अपाहिज लोगों के संबंध में जानकारी एकत्र की तथा उन्हें गुजारा भत्ता दिया :

(1) शेर शाह (2) अकबर (3) जहाँगीर (4) शाह जहाँ

**40.** सम्राट अकबर ने अनेक भारतीय सामाजिक-सांस्कृतिक रिवाज़ों को अपनाया था। इसमें से एक था मुगल शाही परिवार के किसी सदस्य की मृत्यु के पश्चात सिर-मुड़ाना। वह कौन महिला थीं जिसकी मृत्यु के पश्चात अकबर ने 1604 ई.में अपना सिर और मूछें मुड़वा ली थी ?

(1) गुलबदन बेगम (2) सलीमा बेगम (3) हमीदा बानो बेगम (4) माहम अंगा

Prepp
Your Personal Exams Guide

**41.** Given below are two statements. One is labelled as **Assertion (A)**, and other is labelled as **Reason (R)** :

**Assertion (A) :** Barkhurdar, son of Abdur Rahman, as he had come to court without a summon, Jahangir ordered him to go back to his *jagir*.

**Reason (R) :** It is not according to good manners to go to king's banquet without a summon, otherwise there would be no forbidding of the doors and walls to the foot of desire.

In the context of the above two statements which of the following is correct ?

(1) Both **(A)** and **(R)** are true and **(R)** is the correct explanation of **(A)**.

(2) Both **(A)** and **(R)** are true, but **(R)** is not the correct explanation of **(A)**.

(3) **(A)** is true, but **(R)** is false.

(4) **(A)** is false, but **(R)** is true.

**42.** Which one of the following is not correct ?

(1) Tara Chand credits the Mughals for steamrolling the "old plurality of political units"

(2) R.C. Majumdar refuses to endorse P.N. Oak's fantasies about the Taj Mahal being a "Hindu" Monument

(3) *Tarikh-i-Alfi* was written at the instance of Aurangzeb

(4) Shaikh Tajuddin, a protagonist of Ibn al Arabi introduced his principle concepts in Akbar's court at Fatehpur Sikri

**43.** Which one is not correct in regard of the institution of Watan-jagir ?

(1) Concept of *Watan jagir* come into being during Sultan Alauddin Khalji's period (1296-1316 A.D.).

(2) Concept of *Watan-jagir* come into being towards the end of Akbar's reign

(3) Akbar's *farman* to Raja Rai Singh of Bikaner is the primary source to know about the origin and concept of *Watan-jagir*.

(4) Revenues of the *Watan-jagir* were part of the salary of *Watan jagir* holder.

**44.** H.B.W. Garrick was surprised by a discovery he made in 1883-84 which he penned down as follows :

"This discovery opens up a problem, of which the only solution which presents itself to me is that the barrier dividing the Hindus and Muslims three-four centuries ago, was far less impassable then it is at the present day."

After which discovery H.B.W. Garrick made this observation ?

(1) Muhammad Tughlaq's playing Holi; his conversation with Yogis and solicitude for the Jains.

(2) The Sanskrit inscription of 1246 at Verawal, Gujarat telling the erection of a mosque under the patronage of a Hindu ruler.

(3) The famous Victory tower of Rana Kumbha with word 'Allah' in Arabic recorded many times in excellent workmanship.

(4) Akbar's policy of peace with all.

**41.** नीचे दिये गये कथनों में एक **अभिकथन (A)** तथा दूसरा **कारण (R)** है :

**अभिकथन (A) :** अब्दुर्रहमान का पुत्र बर्खुरदार बिन बुलाए दरबार में आया था, अत: जहांगीर ने उसे वापस अपनी *जाग़ीर* जाने का आदेश दिया।

**कारण (R) :** बिन बुलाए दरबार में जाना शिष्टाचार के अनुकूल नहीं है, नहीं तो इच्छाओं का कोई ओर-छोर नहीं होता।

उपर्युक्त दोनों कथनों के संदर्भ में निम्नलिखिथ में से कौन सही है?

(1) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं और **(R) (A)** की सही व्याख्या है।

(2) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं, परंतु **(R) (A)** की सही व्याख्या नहीं है।

(3) **(A)** सही है, परंतु **(R)** गलत है।

(4) **(A)** गलत है, परंतु **(R)** सही है।

**42.** निम्नलिखित में से कौन-सा वक्तव्य सही नहीं है?

(1) तारा चन्द ''राजनीतिक इकाईयों के पुराना बहुलता'' को आगे बढ़ाने का श्रेय मुगलों को देते हैं।

(2) आर.सी. मजूमदार ताज महल के ''हिन्दू'' स्मारक होने के बारे में पी.एन. ओक की कल्पनाओं के समर्थन से इंकार करते हैं।

(3) *तारीख़-ए-अलफ़ी* औरंगजेब के कहने पर लिखी गई थी।

(4) इबन अल अरबी के समर्थक शेख ताजुद्दीन ने फतेहपुर सीकरी में अकबर के दरबार में अपनी प्रमुख संकल्पनाएँ प्रस्तुत कीं।

**43.** वतन-जागीर संस्था के संदर्भ में कौन-सा सही नहीं है?

(1) *वतन-जागीर* की अवधारणा की शुरुआत सुल्तान अलाउद्दीन खिलजी के काल (1296-1316 A.D.) के दौरान हुई थी।

(2) *वतन-जागीर* की अवधारणा की शुरुआत अकबर के शासन के अंतिम वर्षों के दौरान हुई।

(3) *वतन-जागीर* की अवधारणा की उत्पत्ति तथा संकल्पना के संदर्भ में जानकारी का प्राथमिक स्रोत बीकानेर के राजा राय सिंह के लिए अकबर का *फरमान* है।

(4) *वतन-जागीर* का लगान, *वतन-जागीर* धारक के वेतन का हिस्सा था।

**44.** एच.बी.डब्ल्यू. गारिक 1883-84 में की गई अपनी खोज से आश्चर्यचकित थे जिसे उन्होंने निम्न प्रकार से लिखा है :

''यह खोज एक समस्या पैदा करती है, जिसका केवल एकमात्र समाधान है जो स्वयं मुझे इस प्रकार दिखाई देता है कि तीन-चार सदी पहले हिन्दूओं और मुस्लिमों को बांटने वाला अवरोध मौजूदा समय के अवरोध की अपेक्षा बहुत कम अगम्य था।''

किसकी खोज के बाद एच.बी.डब्ल्यू. गारिक ने यह टिप्पणी की थी?

(1) मोहम्मद तुगलक का होली खेलना; योगियों के साथ उनकी बातचीत और जैनियों के हित के प्रति चिंता।

(2) हिन्दू शासक के संरक्षण में मस्जिद के निर्माण के बारे में बताना वारावल, गुजरात में 1246 का संस्कृत शिलालेख।

(3) राणा कुम्भा के प्रसिद्ध विजय स्तंभ पर उत्कृष्ट कारीगरी में अरबी में 'अल्लाह' शब्द कई बार लिखा गया है।

(4) अकबर की सभी के साथ शांति की नीति।

**45.** Towards the end of which ruler began the practice of decorating the walls with floral designs made of semi precious stones called *pietra dura*.

(1) Muhammad Quli Qutub Shah (2) Akbar

(3) Jahangir (4) Shah Jahan

**46.** Which of the following statements with regard of Marathas is **not** correct ?

(1) Within his own kingdom (Swarajya), Shivaji attempted to build regular administration on the model of Deccan Sultanates. The Taxation within it was very light.

(2) Shivaji's death saw a momentary eclipse of the polity he had founded, as his son Shambhaji was captured and executed by Aurangzeb.

(3) Marathas enlarged their resources by a rigorous collection of *Chauth*.

(4) Aurangzeb was in the Deccan continuously since 1681.

**Directions :** Read the given paragraph and answer the questions given below Q.No. **47** to Q.No. **50**.

There is an interesting case of prohibition of drinking wine. The Sultan personally gave up drinking. The royal drinking vessels of glass and porcelain were broken before the Badaun Gate, and wine from the royal *jars* was poured out, creating mud and mire as in the rainy season. Then officers mounted on elephants proclaimed in the streets and lanes of Delhi that no one was to drink or sell liquor or go near it. The licensed tavern-keepers and distillers of liquor were driven out of Delhi and the revenue from them was written off. Persons with self respect gave up drinking at the first warning. But others distilled liquor from sugar in their houses and sold it at a high price; they also tried to get jars of liquor from out side the city hidden in carts under wood and grass. Sultan Alauddin ordered dry wells to be dug near the Badaun Gate, and persons who were found disobeying his order. Were thrown into them; most of them died, and those who survived regained their health only after prolonged treatment. It was possible at the worst of times to go ten or twelve *karohs* out of Delhi for a good drink. But no drink was available within four or five *karohs* of Delhi in suburbs like Ghiyaspur, Indrapat and Kailugarhi. Ultimately, sultan relented and passed an order *that* if a man distilled liquor in his own house for his own consumption but was not guilty of selling it or of calling a drinking party, he was not to be molested and the spies were not to enter his house.

**47.** Point out the name of Sultan who prohibited the drinking and selling of liquor :

(1) Balban (2) Alauddin Khalji

(3) Firoz Tughluq (4) Sikandar Lodhi

**48.** Who announced the Prohibition order to the people ?

(1) Sultan's officers (2) Sultan's Karkun

(3) Sultan himself (4) Sultan's guards

Prepp
Your Personal Exams Guide

**45.** किस शासक के अन्तिम शासन काल में दीवारों पर फूलों की सजावट (डिज़ाइन) कीमती पत्थरों (सेमी प्रेसियश स्टोन्स) से बनानी आरम्भ की गई, जिसे '*पित्रा-ड्यूरा*' कहा जाता था?

(1) मुहम्मद कुली कुतुब शाह (2) अकबर

(3) जहांगीर (4) शाह जहाँ

**46.** मराठों के सम्बन्ध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही **नहीं** है?

(1) स्वयं के राज्य (स्वराज्य) के अन्तर्गत शिवाजी ने दक्खनी सल्तनतों के मॉडल पर अपना प्रशासन तैयार करने का प्रयास किया। इसमें कर बहुत हल्के (कम) थे।

(2) शिवाजी की मृत्यु से उसके द्वारा स्थापित की गई राजनीति में क्षणिक पतन हुआ क्योंकि उसके पुत्र शम्भाजी को औरंगज़ेब ने कैद कर वध करवा दिया।

(3) मराठों ने सख्ती से *चौथ* एकत्रित कर अपने आर्थिक संसाधनों को विस्तृत कर लिया।

(4) 1681 से औरंगज़ेब बराबर दक्खन में रहा।

**निर्देश :** निम्न परिच्छेद को पढ़कर दिये हुये प्रश्न क्रमांक **47** से प्रश्न क्रमांक **50** के उत्तर दीजिए।

शराब पीने का निषेध करने का एक दिलचस्प मामला है। सुल्तान ने स्वयं भी पीना छोड़ दिया। शराब-पान के शीशे और चीनी मिट्टी के शाही बर्तन बदायूँ गेट के सामने तोड़ दिए गए और शाही *जारों* से शराब को गिरा दिया गया, बरसात के मौसम जैसा कीचड़ और दलदल बन गया। तत्पश्चात् अधिकारियों ने हाथियों पर सवार होकर दिल्ली की सड़कों और गलियों में घोषणा की कोई भी न तो शराब पीएगा और न बेचेगा अथवा उसके निकट भी जाएगा। शराब की फैक्ट्रियों और परमिट धारकों को दिल्ली से खदेड़ दिया गया और उनसे प्राप्त होने वाला राजस्व समाप्त कर दिया गया। आत्म-सम्मान वाले व्यक्तियों ने प्रथम चेतावनी पर ही शराब पीना छोड़ दिया। लेकिन औरों ने अपने घरों में चीनी से शराब बनाना शुरु कर दिया और महँगी कीमत पर उसे बेचने लगे। उन्होंने शहर के बाहर से भी छकड़ों में लकड़ी और घास के अन्दर शराब छुपाकर लाने का प्रयास किया। सुल्तान अलाउद्दीन ने बदायूँ गेट के पास सूखे कुएँ खोदने का आदेश दिया और जो लोग उसके आदेश की अवहेलना कर रहे थे, उन्हे कुएँ में फिकवा दिया। उनमें से अधिकांश मर गए और जो जीवित बचे, वो लंबे इलाज के पश्चात् ही पुन: स्वस्थ हो सके। यह संभवत: खराब समय था जब दिल्ली से बाहर 10 या 12 *कोस* अच्छी शराब पीने के लिए जाना पड़ता था। लेकिन दिल्ली के आस-पास जैसे - गियासपुर, इन्द्रपत और कैलूगढ़ी के भीतर 4 या 5 *कोस* में शराब उपलब्ध नहीं थी। आखिरकार, सुल्तान झुका और एक आदेश पारित किया कि यदि कोई व्यक्ति अपने इस्तेमाल के लिए अपने घर में शराब बनाता है लेकिन इसे बेचने अथवा मदिरा पीने के पार्टी के आयोजन का दोषी नहीं था, उसे सताया नहीं जाएगा और उसके घर में गुप्तचर नहीं प्रवेश करेंगे।

**47.** सुल्तान का नाम बताएं जिसने शराब पीने और इसकी बिक्री पर रोक लगाई थी :

(1) बलबन (2) अलाउद्दीन खलजी

(3) फिरोज तुगलक (4) सिकन्दर लोदी

**48.** जनता के बीच मद्य-निषेध की घोषणा कौन करता था?

(1) सुल्तान के अधिकारी (2) सुल्तान की कारकुन

(3) सुल्तान-स्वयं (4) सुल्तान के सुरक्षाकर्मी

Prepp
Your Personal Exams Guide

**49.** Badaun Gate is situated in :

(1) Badaun (2) Delhi

(3) Shahjahanabad (4) Agra

**50.** Which one of the places was not within the range of four or five Karohs of Delhi ?

(1) Bahadurgarh (2) Ghiyaspur

(3) Indrapat (4) Kailugarhi

**51.** Of the following, which is **not** a part of the changes brought about by Tipu in quest for independence ?

(1) He inserted his own name in the Khutba.

(2) He sought a Sanad from the Khalifa for the legitimisation of his rule.

(3) He issued his independent coins.

(4) He threatened all the European companies to oust from South India.

**52.** Consider the following about the Ryotwari system :

(a) It was made with the cultivators directly.

(b) The cultivators could sell their land.

(c) The land revenue was to be revised periodically.

(d) The extensive survey of all land was conducted immediately.

Select the correct answer from the code given below :

(1) (a), (b), (c) (2) (b), (c), (d) (3) (c), (d), (a) (4) (d), (c), (a)

**53.** Who among the following commented that in India the British had to deal with "a race of people slow to change, bound up by religious prejudices and antiquated customs" ?

(1) Lord Macaulay (2) Sir Charles Wood

(3) Lord Stanley (4) Sir William Hunter

**54.** Who raised the banner of revolt of 1857 at Mandasor ?

(1) Prince Firoz Shah (2) Sahadat Khan

(3) Maulvi Ahmadullah (4) Birjis Qadar

**55.** Chronologically arrange the annexation of the following Indian territories by the English East India Company.

(a) Punjab (b) Sindh (c) Nagpur (d) Satara

Choose the correct answer from the codes given below :

(1) (a), (b), (c), (d) (2) (a), (c), (b), (d)

(3) (b), (d), (a), (c) (4) (d), (c), (b), (a)

**49.** बदायूँ गेट कहाँ स्थित है ?

(1) बदायूँ (2) दिल्ली (3) शाहजहानाबाद (4) आगरा

**50.** निम्न में से कौन-सा स्थान दिल्ली से चार या पाँच कोस के अंदर आता था ?

(1) बहादुरगढ़ (2) गियासपुर (3) इंद्रपत (4) कैलूगढ़ी

**51.** स्वतंत्रता की चाह में टीपू द्वारा किए गए परिवर्तनों में से कौन-सा इसमें शामिल **नहीं** था ?

(1) उसने खुतबा में अपना नाम शामिल करवाया।

(2) अपने शासन की वैधता के लिए खलीफा से सनद का अनुरोध किया।

(3) उसने अपनी स्वतंत्र-मुद्रा जारी की।

(4) उसने सभी यूरोपीय कंपनियों को दक्षिण भारत से बाहर निकालने की धमकी दी।

**52.** रैयतवाड़ी व्यवस्था के बारे में निम्नलिखित पर विचार करें :

(a) यह सीधे किसानों के साथ बनी थी।

(b) किसान अपनी भूमि बेच सकते थे।

(c) भूमि राजस्व समय-समय पर परिवर्तित किया जाना था।

(d) समस्त भूमि का विस्तृत सर्वेक्षण तुरंत किया गया था।

नीचे दिए गये कूट में से सही उत्तर चुने :

(1) (a), (b), (c) (2) (b), (c), (d) (3) (c), (d), (a) (4) (d), (c), (a)

**53.** निम्नलिखित में से किसने यह कहा है कि भारत में ब्रिटानियों को "मानव प्रजाति के ऐसे लोगों से निपटना होता है जिनको बदलने में काफी समय लगता है, जो धार्मिक पूर्वाग्रहों तथा पुरानी परम्पराओं से जकड़े हुए हैं ?"

(1) लार्ड मैकाले (2) सर चार्ल्स वुड (3) लार्ड स्टेन्ले (4) सर विलियम हन्टर

**54.** मंदसौर में 1857 के विद्रोह का नेतृत्व किसने किया ?

(1) शहजादा फिरोज शाह (2) शहादत खान (3) मौलवी अहमदुल्ला (4) बिरजिस क़ादर

**55.** इंग्लिश ईस्ट इंडिया कम्पनी द्वारा निम्नलिखित भारतीय क्षेत्रों पर कब्जा करने को कालक्रमानुसार व्यवस्थित करें :

(a) पंजाब (b) सिंध (c) नागपुर (d) सतारा

नीचे दिए गए कूटों से सही जवाब का चयन करें :

(1) (a), (b), (c), (d) (2) (a), (c), (b), (d)

(3) (b), (d), (a), (c) (4) (d), (c), (b), (a)

Prepp
Your Personal Exams Guide

**56.** Match the Peasant Movement mentioned in the **List - I** with the leaders of these movements given in the **List - II**. Select the correct code given below :

| **List - I** (Peasant Movement) | | **List - II** (Leaders) | |
|---|---|---|---|
| (a) | Faqir | (i) | Swami Sahajanand Saraswati |
| (b) | Ramosis | (ii) | Karm Shah |
| (c) | Pagal Panthis | (iii) | Manju Shah |
| (d) | Bihar Kisan Sabha | (iv) | Chittur Singh |

**Codes :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (iii) | (iv) | (ii) |
| (2) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |
| (3) | (iv) | (ii) | (iii) | (i) |
| (4) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |

Prepp Your Personal Exam Guide

**57.** Out of the following which two universities were established in the same year ? Select the proper code for answer.

(a) Banaras Hindu University

(b) Aligarh Muslim University

(c) Srimathi Nathibai Damodher Thackersey Indian Women's University

(d) Visvabharati International University

**Codes :**

(1) (a) and (b) (2) (b) and (c) (3) (c) and (d) (4) (a) and (c)

**58.** Which one of the following does **not** come under regulations issued by Lord Wellesley to control press in India ?

(1) The proprietors and editors of the newspapers were required to give their names on their publications.

(2) They were required to publish news about the contemporary wars fought in Europe.

(3) Any trespass of the regulations was to result in an immediate deportation to Europe.

(4) A definite censorship on all newspapers was established under regulations.

56. **सूची - I** में दिये गये किसान आंदोलन को **सूची - II** में दिये गये उनके नेताओं के साथ सुमेलित करें और नीचे दिए गये कूटों में से सही उत्तर चुनें :

| | **सूची - I** **( किसान आंदोलन )** | | **सूची - II** **( नेता )** |
|---|---|---|---|
| (a) | फ़कीर | (i) | स्वामी सहजानंद सरस्वती |
| (b) | रामोसी | (ii) | कर्म शाह |
| (c) | पागल पन्थी | (iii) | मंजू शाह |
| (d) | बिहार किसान सभा | (iv) | चित्तूर सिंह |

**कूट :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (iii) | (iv) | (ii) |
| (2) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |
| (3) | (iv) | (ii) | (iii) | (i) |
| (4) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |

57. निम्नलिखित में से कौन से दो विश्वविद्यालय एक ही वर्ष में स्थापित हुए थे ? सही कूट का चयन कर उत्तर दीजिए।

(a) बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय

(b) अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय

(c) श्रीमती नाथीबाई दामोदर ठाकरसी भारतीय महिला विश्वविद्यालय

(d) विश्वभारती अन्तरराष्ट्रीय विश्वविद्यालय

**कूट :**

(1) (a) और (b) (2) (b) और (c) (3) (c) और (d) (4) (a) और (c)

58. निम्नलिखित में से कौन-सा विनियमन भारत में प्रेस पर नियंत्रण के लिए लार्ड वेलेजली द्वारा जारी विनियमनों के अन्तर्गत शामिल **नहीं** है ?

(1) समाचार पत्रों के मालिकों तथा सम्पादकों को अपने प्रकाशन पर अपने नाम का उल्लेख करने के लिए कहा गया।

(2) उन्हें यूरोप में हो रहे तत्कालीन युद्ध के विषय में समाचार प्रकाशित करने के लिए कहा गया।

(3) विनियमनों का किसी भी प्रकार के उल्लंघन किये जाने पर उन्हें तत्काल यूरोप भेज दिया जाता था।

(4) विनियमनों के अंतर्गत सभी समाचार पत्रों पर सुनिश्चित सेंसर लगाया गया।

Prepp
Your Personal Exams Guide

59. Consider the following :
(a) The Gurdwara Reform Act
(b) Death of Lala Lajpat Rai
(c) Entry of Swaraj Party in Legislative Councils
(d) The Rowlatt Act
Give the correct chronological order from the codes given below :
(1) (b), (d), (c), (a) (2) (b), (a), (c), (d)
(3) (d), (b), (a), (c) (4) (d), (c), (a), (b)

60. Almost simultaneously with Dadabhai Naoroji two other Indian leaders rose to point out the evils of Drain of wealth, out of the following :
(a) B.R. Ambedkar (b) R.R. Bose
(c) M.G. Ranade (d) Romesh Chandra Dutt
Select the correct code which represents the names of the Leaders :
(1) (a) and (d) (2) (b) and (d) (3) (c) and (d) (4) (b) and (c)

61. Which of the following newspapers got converted into the 'Harijan Bandhu' in 1932 ?
(1) Gujarati (2) Yugantar
(3) Navjiban (4) Ananda Bazar Patrika

62. Which one of the following famines was described as the 'Sea of Calamity' ?
(1) Madras Presidency 1866 - 67 (2) Rajputana 1868 - 69
(3) Bengal 1860 - 61 (4) Orissa 1866 - 67

63. Which of the following is **not** authored by Vijaya Lakshmi Pandit ?
(1) Role of Women in the Modern World
(2) The Evolution of India
(3) Voices in the city
(4) Prison Days

64. How much time was given to Sir C. Radcliff to submit the delineation report of the boundaries of Punjab and Bengal ?
(1) Four weeks (2) Six weeks (3) Two months (4) Three months

65. Which one of the following pairs of social reformers pioneered the cause of widow education ?
(1) B.M. Malabari and K. Shridhalu Naidu
(2) Ishwar Chandra Vidyasagar and Keshav Chandra Sen
(3) M.G. Ranade and R.G. Bhandarkar
(4) D.K. Karve and Rama Bai

**59.** निम्नलिखित पर विचार कीजिए :

(a) गुरुद्वारा सुधार अधिनियम

(b) लाला लाजपतराय की मृत्यु

(c) विधान परिषदों में स्वराज दल का प्रवेश

(d) रॉलेट एक्ट

नीचे दिए गए कूट में से सही कालानुक्रम बताएँ :

(1) (b), (d), (c), (a) (2) (b), (a), (c), (d)

(3) (d), (b), (a), (c) (4) (d), (c), (a), (b)

**60.** निम्नलिखित में से दादाभाई नौरोजी के लगभग साथ-साथ किन दो अन्य नेताओं ने धन बहिर्गमन की बुराई की ओर संकेत किया ?

(a) बी.आर. अंबेडकर (b) आर.आर. बोस

(c) एम.जी. रानाडे (d) रोमेश चन्द्र दत्त

सही कूट का चयन करें जो उन नेताओं के नाम का प्रतिनिधित्व करता है :

(1) (a) और (d) (2) (b) और (d) (3) (c) और (d) (4) (b) और (c)

**61.** निम्नलिखित समाचार-पत्रों में से कौन-सा 1932 में 'हरिजन बन्धु' में परिवर्तित हो गया ?

(1) गुजराती (2) युगान्तर (3) नवजीबन (4) आनंद बाजार पत्रिका

**62.** निम्न अकालों में से वह कौन-सा था, जिसे 'विपत्ति के समुद्र' के रूप में वर्णित किया गया ?

(1) मद्रास प्रेसीडेन्सी 1866 - 67 (2) राजपुताना 1868 - 69

(3) बंगाल 1860 - 61 (4) उड़ीसा 1866 - 67

**63.** निम्नलिखित में से कौन-सी पुस्तक विजय लक्ष्मी पंडित द्वारा **नहीं** लिखी गयी है ?

(1) रोल ऑफ वोमेन इन द मॉडर्न वर्ल्ड (2) द इवोल्यूशन ऑफ इंडिया

(3) वॉयस ऑफ द सिटी (4) प्रिजन डेज़

**64.** पंजाब और बंगाल की सीमाओं की चिह्नित रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए सर सी. रैडक्लिफ को कितना समय दिया गया था ?

(1) चार सप्ताह (2) छः सप्ताह (3) दो माह (4) तीन माह

**65.** समाज सुधारकों के निम्नलिखित युग्मों में से कौन-सा विधवा शिक्षा के मुद्दे पर अग्रणी था ?

(1) बी.एम. मालाबारी और के. श्रीधालु नायडू (2) ईश्वर चंद्र विद्यासागर और केशव चंद्र सेन

(3) एम.जी. रानाडे और आर.जी. भंडारकर (4) डी.के. कर्वे और रमा बाई

66. Consider the following statements :

**Assertion (A) :** In 1781, Warren Hastings setup the Calcutta Madrasah and in 1791 Jonathan Duncan started a Sanskrit college at Varanasi.

**Reason (R) :** Both these institutions were designed to provide a regular supply of qualified Indians to help the administration of Law in the courts of the company.

In the context of the above two statements, which one of the following is correct ?

(1) Both **(A)** and **(R)** are correct and **(R)** is the correct explanation of **(A)**.

(2) Both **(A)** and **(R)** are correct, but **(R)** is not the correct explanation of **(A)**.

(3) **(A)** is correct, but **(R)** is false.

(4) **(A)** is false, but **(R)** is correct.

67. Consider the following statements :

**Assertion (A) :** While joining the mainstream of the national freedom movement led by Gandhi the tribal communities were unmindful of the demands of their situation.

**Reason (R) :** Swaraj meant for them both freedom from British rule and freedom from the oppression of the money-lenders, zamindars and feudal-overlords.

In the context of the above two statements, which one of the following is correct ?

(1) Both **(A)** and **(R)** are correct and **(R)** is the correct explanation of **(A)**.

(2) Both **(A)** and **(R)** are correct, but **(R)** is not the correct explanation of **(A)**.

(3) **(A)** is correct, but **(R)** is false.

(4) **(A)** is false, but **(R)** is correct.

68. Consider the following statements :

**Assertion (A) :** The early British administrators of India viewed $18^{th}$ century as a period of instability and insecurity.

**Reason (R) :** The rise of British power in India during this period was attributed to the decline of Mughal power and the resultant political, military and economic chaos.

In the context of the above two statements, which one of the following is correct ?

(1) Both **(A)** and **(R)** are correct and **(R)** is the correct explanation of **(A)**.

(2) Both **(A)** and **(R)** are correct, but **(R)** is not the correct explanation of **(A)**.

(3) **(A)** is correct, but **(R)** is false.

(4) **(A)** is false, but **(R)** is correct.

Prepp
Your Personal Exams Guide

**66.** निम्नलिखित वक्तव्यों पर विचार करें :

**कथन (A) :** 1781 में, वारेन हेस्टिंग्स ने कलकत्ता मदरसा की स्थापना की थी और 1791 में जोनाथन डंकन ने वाराणसी में संस्कृत महाविद्यालय की शुरुआत की थी।

**तर्क (R) :** ये दोनों संस्थान कम्पनी के न्यायालयों में कानून के प्रशासन की सहायता करने के लिए योग्य भारतीयों की नियमित आपूर्ति उपलब्ध करवाने के लिए डिजाइन किए गए थे।

उपर्युक्त दो वक्तव्यों के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन एक सही है?

(1) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं और **(R)**, **(A)** का सही स्पष्टीकरण है।

(2) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं परन्तु **(R)**, **(A)** का सही स्पष्टीकरण नहीं है।

(3) **(A)** सही है, परन्तु **(R)** गलत है।

(4) **(A)** गलत है, परन्तु **(R)** सही है।

**67.** निम्नलिखित वक्तव्यों पर विचार करें :

**कथन (A) :** आदिवासी समुदायों ने गांधीजी के नेतृत्व में राष्ट्रीय स्वाधीनता आंदोलन की मुख्य धारा में सम्मिलित होते समय अपनी स्थिति की मांग की परवाह नहीं की थी।

**तर्क (R) :** उनके लिए स्वराज का आशय ब्रिटिश शासन से स्वतंत्रता और महाजनों, जमींदारों और सामंती अधिपतियों से स्वतंत्रता से था।

दोनों वक्तव्यों के संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?

(1) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं और **(R)**, **(A)** की सही व्याख्या है।

(2) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं, लेकिन **(R)**, **(A)** की सही व्याख्या नहीं है।

(3) **(A)** सही है, किन्तु **(R)** गलत है।

(4) **(A)** गलत है, किन्तु **(R)** सही है।

**68.** निम्नलिखित वक्तव्यों पर विचार करें :

**कथन (A) :** भारत के प्रारंभिक ब्रिटिश प्रशासकों ने 18 वीं सदी को अस्थिरता और असुरक्षा की कालावधि के रूप में देखा था।

**तर्क (R) :** इस कालावधि के दौरान भारत में ब्रिटिश सत्ता का उदय मुगल सत्ता के ह्रास होने की वज़ह से हुआ था और परिणामस्वरूप राजनीतिक, सैन्य और आर्थिक अव्यवस्था फैल गई थी।

उपर्युक्त दो वक्तव्यों के संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौन-सा एक सही है?

(1) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं और **(R)**, **(A)** का सही स्पष्टीकरण है।

(2) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं परन्तु **(R)**, **(A)** का सही स्पष्टीकरण नहीं है।

(3) **(A)** सही है, परन्तु **(R)** गलत है।

(4) **(A)** गलत है, परन्तु **(R)** सही है।

Prepp
Your Personal Exams Guide

**69.** Which one of the following pairs of distinguished scholars contributed to prose writings in Tamil ?

(1) Rajan Iyer and Kuppuswamy

(2) C. Rajagopalachari and Vaiyapuri Pillai

(3) V.P.P. Mudaliar and Srinivas Ayyangar

(4) Srinivas Shastri and Suryanarain Shastri

**70.** The Colombo Proposals made by the Afro-Asian countries conference held in 1962 stands for :

(1) The suggestions were made for solving the Ethnic problem of Sri Lanka.

(2) The suggestions were made for the future of Tibet.

(3) The possibilities were explored of solving the problem of disputed islands between India and Sri Lanka.

(4) Suggestions were made for solving the problem of Indian and Chinese borders.

**71.** Indicate the statement which is **not** correct in respect of positivist school of thought :

(1) Historians of positivist school applied scientific method of enquiry.

(2) They stood for actual, absolute and dependable knowledge.

(3) They accepted individualism and made the historical works more imaginative.

(4) They claimed that positivism made history a natural science.

**72.** Consider the following statements relating to national historiography :

(a) Indian national historiography was a reaction to the prejudices of colonial writings.

(b) Within the historiography there was a search for Indian identity in various forms covering a wide range of subjects.

(c) The main object was not the glorification of India's past.

(d) They were necessarily propagandist in nature while defending Indian culture against the unfounded charges of European writers.

Select the answer from the codes given below :

(1) (a) and (b) are correct

(2) (a), (b) and (c) are correct

(3) (b), (c) and (d) are correct

(4) (c) and (d) are correct

**69.** प्रसिद्ध विद्वानों के निम्न युग्मों में से किस एक ने तमिल भाषा में गद्य लेखन में योगदान दिया ?

(1) राजन अय्यर तथा कुप्पुस्वामी

(2) सी. राजगोपालाचारी तथा वैयापुरी पिल्लै

(3) वी.पी.पी. मुदलिआर तथा श्रीनिवास अय्यंगर

(4) श्रीनिवास शास्त्री तथा सूर्यनारायण शास्त्री

**70.** 1962 में संपन्न अफ्रीकी-एशियाई देशों द्वारा निर्मित कोलम्बो प्रस्ताव किसके लिए बने थे ?

(1) श्रीलंका की नस्लीय समस्या के समाधान हेतु सुझाव बने थे।

(2) तिब्बत के भविष्य के लिए प्रस्ताव बने थे।

(3) भारत और श्रीलंका के मध्य विवादित द्वीपों की समस्या के सामाधान की संभावनाओं की तलाश के लिए।

(4) भारत और चीन की सीमाओं की समस्या के निराकरण के लिए सुझाव बने थे।

**71.** विचार के प्रत्यक्षवादी संप्रदाय के संबंध में उस कथन को चिह्नित करें जो सही **नहीं** है ?

(1) प्रत्यक्षवादी संप्रदाय के इतिहासकार जाँच की वैज्ञानिक तकनीकि प्रयुक्त करते थे।

(2) वे वास्तविक, परम एवं विश्वसनीय ज्ञान के हिमायती थे।

(3) उन्होंने व्यक्तिवाद को स्वीकार किया और ऐतिहासिक ग्रंथों को अधिक कल्पनाशील बनाया।

(4) उन्होंने दावा किया कि प्रत्यक्षवाद ने इतिहास को प्रकृतिक विज्ञान बनाया।

**72.** राष्ट्रीय इतिहास लेखन से संबंधित निम्नलिखित कथनों पर विचार करें :

(a) भारतीय राष्ट्रीय इतिहास लेखन पूर्वाग्रहपूर्ण औपनिवेशिक लेखन की प्रतिक्रिया थी।

(b) इतिहास लेखन के अन्तर्गत, विभिन्न स्वरूपों में वृहत्तर विषयों को शामिल करते हुए एक भारतीय पहचान की खोज की गई।

(c) भारतीय इतिहास का महिमामंडण, मुख्य उद्देश्य नहीं था।

(d) यूरोपीयन लेखकों द्वारा भारतीय संस्कृति पर लगाये गये बेबुनियाद आरोपों से बचाव करने के दौरान वे अपने चरित्र में आवश्यक रूप से प्रचारात्मक थे।

नीचे दिये गये कूटों में से सही उत्तर का चुनाव करें।

(1) (a) तथा (b) सही हैं।

(2) (a), (b) तथा (c) सही हैं।

(3) (b), (c) तथा (d) सही हैं।

(4) (c) तथा (d) सही हैं।

**73.** Consider the following statements :

**Assertion (A) :** Ideological considerations and national fervour often distort history and its objectivity.

**Reason (R) :** Objectivity in history is attainable when events are presented by the historian in dispassionate and scientific manner.

In the context of the above statements, which one of the following codes is correct ?

(1) Both **(A)** and **(R)** are correct and **(R)** is the correct explanation of **(A)**.

(2) Both **(A)** and **(R)** are correct, but **(R)** is not the correct explanation of **(A)**.

(3) **(A)** is correct, but **(R)** is false.

(4) **(A)** is false, but **(R)** is correct.

**74.** Which one of the following pairs is **not** correctly matched ?

| | **Name of the author** | | **Title of the book** |
|---|---|---|---|
| (1) | R.C. Dutt | - | Economic History of India |
| (2) | Dadabhai Naoroji | - | The Drain of Wealth and Indian Nationalism at the turn of the century |
| (3) | W. Digly | - | Prosperous British India |
| (4) | V. Anstey | - | Economic Development of India |

**75.** After which constitutional Amendment, the Fundamental Duties were incorporated in the Indian constitution ?

(1) $40^{th}$ Amendment (2) $41^{st}$ Amendment

(3) $42^{nd}$ Amendment (4) $43^{rd}$ Amendment

- o 0 o -

**73.** निम्नलिखित कथनों पर विचार करें :

**अभिकथन (A) :** वैचारिक तर्क और राष्ट्रीय सरगर्मी प्राय: इतिहास और इसकी वस्तुनिष्ठता को विकृत करते हैं।

**कारण (R) :** इतिहासकार द्वारा निष्पक्ष और वैज्ञानिक दृष्टिकोण में घटनाओं को प्रस्तुत करने से इतिहास में वस्तुनिष्ठता साध्य होती है।

उपरोक्त कथनों के संदर्भ में निम्नलिखित कूटों में से कौन-सा सही है?

(1) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं और **(R)**, **(A)** की सही व्याख्या है।

(2) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं, लेकिन **(R)**, **(A)** की सही व्याख्या नहीं है।

(3) **(A)** सही है, किन्तु **(R)** गलत है।

(4) **(A)** गलत है, किन्तु **(R)** सही है।

**74.** निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म सही समेुलित **नहीं** है?

| | **लेखक का नाम** | | **पुस्तक का शीर्षक** |
|---|---|---|---|
| (1) | आर.सी. दत्त | - | इकॉनॉमिक हिस्ट्री ऑफ इंडिया |
| (2) | दादाभाई नौरोजी | - | द ड्रेन ऑफ वेल्थ एंड इंडियन नेशनलिज्म एट द टर्न ऑफ द सेंच्यूरी |
| (3) | डब्ल्यू. डिग्ली | - | प्रोस्पेरस ब्रिटिश इंडिया |
| (4) | वी. ऐन्सटे | - | इकॉनॉमिक डेवलपमेंट ऑफ इंडिया |

**75.** किस संविधान संशोधन के बाद, मूलभूत कर्तव्यों को भारतीय संविधान में जोड़ा गया?

(1) 40 वां संशोधन (2) 41 वां संशोधन (3) 42 वां संशोधन (4) 43 वां संशोधन

- o 0 o -

Prepp Your Personal Exams Guide